परिशिष्ट

XVII

# भारतीय राजव्यवस्था संबंधी यू.पी.एस.सी. के प्रश्न ( सामान्य अध्ययन–मुख्य परीक्षा )

# [UPSC Questions on Indian Polity (General Studies–Mains)]

## वर्ष 1993 का प्रश्न–पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
   (a) एक वास्तविक संघ के मूलभूत तत्व क्या हैं? भारतीय संघ के स्वरूप का विश्लेषण कीजिए। (लगभग 250 शब्द) **40**
   (b) राज्य सभा के कार्यों तथा शक्तियों का वर्णन कीजिए इसकी शक्तियों की लोक सभा की शक्तियों से तुलना कीजिए। (लगभग 250 शब्द)
2. निम्न में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में होना चाहिए) 20+20 = 40
   (a) मौलिक कर्तव्य और उनके आशय क्या हैं?
   (b) आभासी विधि निर्माण के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।
   (c) भारत के निर्वाचन आयोग के गठन और कार्यों का वर्णन कीजिए।
   (d) राष्ट्रीय विकास परिषद् के गठन और कार्यों का वर्णन कीजिए।
3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में होना चाहिए) $3 \times 3 = 9$
   (a) निवारक निरोध और दण्डात्मक निरोध में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
   (b) भारत के नागरिकों को उपलब्ध विभिन्न रिट क्या हैं?
   (c) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन कब और क्यों स्थापित किया गया?
   (d) ''समान विधि संरक्षण'' का क्या अर्थ है?
   (e) भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची की विषय–वस्तु क्या है?
   (f) भारतीय संविधान के 24 वें अनुच्छेद का उद्देश्य क्या है?

## वर्ष 1994 का प्रश्न–पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?
   (a) ''यद्यपि भारत में राज्यपाल का संवैधानिक प्रमुख होता है जैसे राष्ट्रपति देश का होता है, फिर भी हो सकता है कि राज्यपाल के अधिक अधिकार हों'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं? कारण बतलाइए। (लगभग 250 शब्द)
   (b) योजना आयोग एवं राष्ट्रीय विकास परिषद् का सार्वजनिक नीति निर्माण में क्या योगदान है, समझाइए। (लगभग 250 शब्द)
2. निम्न में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न उत्तर लगभग 150 शब्दों में होना चाहिए): 20+20 = 40
   (a) राष्ट्रपति शासन के घोषणा से सम्बन्धित उच्चतम न्यायालय के अप्रैल 1994 के फैसले का महत्व समझाइए।
   (b) भारतीय संविधान में बुनियादी ढांचे की धारणा उभरने का वर्णन कीजिए।

(c) स्वामीनाथन समिति द्वारा दिए गए राष्ट्रीय जनसंख्या नीति के प्रारूप में लिंग सम्बन्धित मुद्दों पर क्या प्रमुख संस्तुतियां हैं?

(d) राज्यों के परिषद् के सदस्यों की आवास सम्बन्धी अर्हता पर चुनाव आयोग की स्थिति समझाइए। आप इसके बारे में क्या सोचते हैं?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में होना चाहिए): $3 \times 3 = 9$

(a) भारत में निजी स्वतंत्रता के वंचित होने के संदर्भ में 'यथोचित विधि-प्रक्रिया' तथा विधि द्वारा सुस्थापित प्रक्रिया' में अन्तर समझाइए।

(b) घटनोत्तर विधि व्यवस्था का अर्थ समझाइए।

(c) आई. पी. सी. की धारा 309 किस सम्बन्ध में है? हाल में यह चर्चा में क्यों थी?

(d) हमारे देश का उच्चतम असैनिक पुरस्कार दिया गया?

(e) धर्म-निरपेक्षता से सम्बन्धित भारतीय संविधान के प्रावधान क्या है, उन्हें बतलाइए।

(f) दो संशोधनों के जरिए संविधान की आठवीं सूची में चार और भाषाएं जोड़ी गई। इन भाषाओं के नाम तथा संशोधनों की क्रम संख्या बतलाइए।

## वर्ष 1995 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

(a) संसदीय और राष्ट्रपतिमूलक शासन प्रणालियों का भेद स्पष्ट कीजिए। क्या आपके विचार से शासन को राष्ट्रपतिमूलक प्रणाली में बदलने से बेहतर शासन प्राप्त हो सकेगा? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए। (लगभग 250 शब्द) 40

(b) भारत के संविधान के अधीन उच्चतम न्यायालय का क्या स्थान है? संविधान के संरक्षक के रूप में उसकी भूमिका की विवेचना कीजिए। (लगभग 250 शब्द)

2. निम्न में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में होना चाहिए):20+20 = 40

(a) प्राक्कलन समिति के कृत्यों को स्पष्ट कीजिए।

(b) राज्य परिषद (राज्य सभा) के गैर-परिसंघीय लक्षणों का वर्णन कीजिए

(c) भारत के नागरिकों के सांविधानिक अधिकार क्या है? अनिवासी भारतियों की दोहरी नागरिकता की मांग के विषय में आपके क्या विचार हैं?

(d) दल परिवर्तन विरोधी विधि के प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में होना चाहिए): $3 \times 3 = 9$

(a) वित्तीय आपात की परिभाषा दीजिए। अब तक इसकी उद्घोषणा कितनी बार हो चुकी है?

(b) मौलिक अधिकार के रूप में संपत्ति के अधिकार की वर्तमान स्थिति क्या है?

(c) अनुच्छेद 32 को संविधान का आधार स्तंभ क्यों माना जाता है?

(d) द्विसदनी विधानमंडल क्या होता है? हमारे देश के उन राज्यों का उल्लेख कीजिए, जिनमें द्विसदनीय विधानमंडल है?

(e) अनुच्छेद 331 का विषय क्षेत्र स्पष्ट कीजिए।

(f) राज्यमंत्री कहे जाने वाले मंत्रियों का स्पष्ट स्तर कीजिए।

## वर्ष 1996 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

(a) 'विधि के शासन' से आप क्या समझते हैं? भारत का संविधान किस प्रकार इसकी स्थापना सुनिश्चित करता है। (लगभग 250 शब्द) **40**

(b) भारत के संविधान में राष्ट्रपति, मंत्री, सांसद तथा न्यायपालिका के सदस्यों के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार के 'शपथ पत्रों' का प्रावधान क्यों है? इसका महत्व विवेचित कीजिए (लगभग 250 शब्द)

2. निम्न में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में होना चाहिए) 20+20 = 40

(a) कटौती प्रस्ताव क्या होता है? इसका महत्व समझाइए।

(b) भारत में संसदीय चुनावों के लिए निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किस प्रकार किया जाता है?

(c) प्रत्यायोजित विधायन क्या होता है और इसके बढ़ने के किए कौन-कौन से कारक उत्तरदायी हैं?

(d) भारत की संचित निधि और आकस्मिकता निधि क्या है? इसका संचालन किस प्रकार किया जाता है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में होना चाहिए) $3 \times 3 = 9$

(a) दिनेश गोस्वमी समिति की सबसे अधिक महत्वपूर्ण सिफारिश क्या है?

(b) अन्तर-राज्य जल विवादों को सुलझाने में संघ सरकार क्या भूमिका निभा सकती है?

(c) कुछ पदाधिकारियों के विरुद्ध 'परमादेश' जारी नहीं किया जा सकता। ये पदाधिकारी कौन हैं?

(d) संविधान के कौन से प्रावधान भारत के नियंत्रक एवं महालेखापाल के पद को स्वतंत्र बनाते हैं?

(e) एक वित्त विधयेक (Money Bill) तथा धन विधेयक (Finance Bill) में आप किस प्रकार अन्तर करते हैं?

(f) भारत के मानव अधिकार आयोग के कार्य क्या हैं?

## वर्ष 1997 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

(a) भारत के राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति का चुनाव किस प्रकार होता है? इनके चुनाव में कौन से संवैधानिक वाद अन्तर्निहित हैं? (लगभग 250 शब्द) 40

(b) सामाजिक न्याय क्या है? संसद में महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण भारत में एक सामाजिक-न्यायप्रिय समाज की स्थापना में किस प्रकार योगदान दे सकता है? (लगभग 250 शब्द)

2. निम्न में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में होना चाहिए) 20+20 = 40

(a) अखिल-भारतीय न्यायिक सेवा के सृजन के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(b) भारत में क्षेत्रीयवाद के उदय होने के कारणों की परिचर्चा कीजिए। यह किस प्रकार राजनैतिक प्रणाली को प्रभावित करती है?

(c) सर्वोच्च न्यायालय ने किन 'मूल कारणों' (क) केशवानन्द भारतीय बनाम करेल प्रदेश (1973) एवं (ख) मिनर्वा मिल्स बनाम भारत सरकार (1990) के मुकदमों की पुष्टि की?

(d) भारत में संसद किस प्रकार वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करती है?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में होना चाहिए) $3 \times 3 = 9$

(a) संसदीय कार्य-प्रणाली में नियम 184 तथा 193 क्या संकेत देते है।

(b) 'गुजराल डॉक्ट्रिन' (सिद्धान्त) का क्या अर्थ है? इसके विशिष्ट सिद्धान्तों को लिखिए।

(c) केन्द्र में यूनाइटेड फ्रंट सरकार के न्यूनतम साझा कार्यक्रम (C.M.P.) का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

(d) भारत के संवधिान में दिए किन्हीं चार मौलिक कर्तव्यों को लिखिये।

(e) भारत के संविधान में बाल श्रमिक (चाइल्ड लेबर) के लिए क्या विशेष प्रावधान हैं?

(f) भारतीय संविधान में अनुच्छेद 356 क्या है? टिप्पणी कीजिए।

## वर्ष 1998 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए?

(a) मौलिक अधिकारों के साथ नीति निर्देशक तत्वों की वर्तमान स्थिति जिन अवस्थाओं से उभरी है, उसे संक्षेप में स्पष्ट कीजिए (लगभग 250 शब्द) 40

(b) 'प्रधानमंत्रीय शासन' की संकल्पना समझाइए एवं हाल के समयों में भारत में उसके पतन के कारण स्पष्ट कीजिए। (लगभग 250 शब्द)

2. निम्न में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दो में होना चाहिए) 20+20 = 40

(a) भारतीय संविधान के तिहत्तरवें संशोधन की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

(b) भारत में नवीन राज्यों का गठन किस प्रकार होता है? विदर्भ, तेलंगना जैसे अलग राज्यों की मांगों पर शासन द्वारा हाल में विचार क्यों नहीं किया गया?

(c) विधान परिषदों का समर्थन किन मुद्दों पर किया जाता है? राज्य में उसकी स्थापना या विनाश किस प्रकार होता है?

(d) सार्वत्रिक निर्वाचन, मध्यावधि निर्वाचन तथा उप-निर्वाचन में भेद बताइए एवं उसकी महत्ता स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में होना चाहिए): $3 \times 3 = 9$

(a) 'अस्थायी स्पीकर' से क्या तात्पर्य है।

(b) केन्द्रीय सतर्कता आयोग की रचना एवं कार्यों को स्पष्ट कीजिए

(c) संविधान की धारा 21 का विस्तार बताइये।

(d) संसद की किसी भी सदन की सदस्यता की अपात्रता के बारे में किस प्रकार के मामलों पर राष्ट्रपति द्वारा निर्णय लिया जाता है?

(e) संसदीय सचिव एवं लोकसभा सचिव के मध्य भेद कीजिए।

(f) विशेषाधिकार प्रस्ताव क्या है?

## वर्ष 1999 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 40

(a) आज के बदलते हुए राजनीतिक परिप्रेक्ष में राज्य सभा से कौनसी विशेष भूमिका अपेक्षित है? (लगभग 250 शब्द)

(b) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 द्वारा किन आधारों पर भेदभाव वर्जित है? इंगित कीजिए कि किस प्रकार से विशेष संरक्षण के प्रत्यय ने इस वर्जित भेदभाव को मर्यादित किया है तथा सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा दिया है। (लगभग 250 शब्द)

2. निम्न में से किन्ही दो के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में होना चाहिए) 20+20 = 40

(a) राज्य के नीति-निदेशक तत्वों का क्या महत्व है? बताएं कि राज्य की नीति के किन निर्देशक तत्वों को मूल अधिकारों की अपेक्षा प्रमुखता प्राप्त है?

(b) राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के गठन तथा कार्यों की विवेचना कीजिए।

(c) भारतीय संविधान के चौबीसवें संशोधन की महत्ता पर प्रकाश डालिए।

(d) जन लेखा समिति की भूमिका के महत्व का आकलन कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 25 शब्दों में होना चाहिए) $3 \times 3 = 9$

(a) गैर-वित्तीय विधेयकों के बारे में, भारतीय संसद के दोनों सदनों की अध्यक्षता कौन करता है?

(b) किसी राज्य के राज्यपाल पर क्या महाभियोग लगाया जा सकता है?

(c) यदि किसी विधेयक के बारे में यह मतभगद हो कि वे धन विधेयक है अथवा नहीं तो किसका निर्णय अंतिम होता है?

(d) भारत के उप-राष्ट्रपति का निर्वाचन कैसे होता है?

(e) भारतीय संविधान के अन्तर्गत सम्पति के अधिकार की क्या स्थिति है?

(f) भारतीय संसद के दो अधिवेशनों के बीच में अधिकतम अन्तराल कितना हो सकता है?

## वर्ष 2000 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

(a) भारतीय संविधान की समीक्षा की आवश्यकता का परीक्षण कीजिये।

(b) राज्यों की और अधिक स्वायत्तता की मांग तथा भारतीय राज्यव्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन पर इसके प्रभाव का परीक्षण कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

(a) संघीय कार्यपालिका पर संसद किस प्रकार नियंत्रण करती है? यह नियन्त्रण कितना प्रभावी होता है?

(b) न्यायपलिका द्वारा दिया गया भारतीय संविधान के 'आधारभूत अभिलक्षण' का सिद्धान्त क्या है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए (लगभग 150 शब्द) $15 \times 2 = 30$

(a) भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में आवश्यक निर्वाचन संबंधी सुधारों को इंगित कीजिये।

(b) आकलन समिति की भूमिका का परीक्षण कीजिये।

(c) भारत में संघीय व्यवस्था को प्रभावित करने वाले प्रमुख गैर-संवैधानिक कारकों का विवेचन कीजिये।

4. निम्न के उत्तर दीजिए (प्रत्येक लगभग 20 शब्द): $5 \times 2 = 10$

(a) लेखानुदान क्या है?

(b) कामचलाऊ सरकार किसे कहते है?

(c) क्या आप राज्यसभा के माध्यम से प्रधानमंत्री के संसद में प्रवेश को उचित मानते हैं?

(d) विशेषाधिकार प्रस्ताव क्या हैं?

(e) संसद की अवमानना से क्या तात्पर्य है?

5. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए (लगभग 250 शब्द) 30

(a) निम्नलिखित से सम्बन्धित मानव अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम (1993) के प्रावधानों की विवेचना कीजिए

(क) मानवाविधकार की परिभाषा।

(ख) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन।

(ग) आयोग के कार्य।

(घ) एन. एच. आर. सी. की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने हेतु अधिनियम में क्या संशोधन प्रस्तावित है?

(b) कारागारों में उत्पीड़न तथा मानव मर्यादा के संदर्भ में भारत के उच्चतम न्यायलय द्वारा निर्धारित प्रस्तावों की विवेचना कीजिये।

## वर्ष 2001 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए। (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) वर्तमान विवादों के संदर्भ में केन्द्र एवं राज्यों के प्रशासकीय संबंधों की चर्चा कीजिये।

   (b) भारत की संसदीय शासन व्यवस्था में विपक्ष गमन स्पष्ट कीजिये।

2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) राज्य नीति-निदेशक तत्वों की संवैधानिक स्थिति क्या है? 1975-77 के आपात काल के पश्चात् न्यायपालिका ने किस प्रकार इसका अर्थ निर्णय किया है?

   (b) संवैधानिक सुधार विधेयक और अन्य विधेयकों में प्रमुख अन्तर क्या है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए? (लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$

   (a) भारत के राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश जारी करने के अधिकार पर टिप्पणी कीजिये। इसके दुरुपयोग को रोकने के लिये क्या उपाय हैं?

   (b) मंत्रिमंडलीय सचिवालय एवं प्रधानमंत्री सचिवालय में क्या अन्तर है? इस में कौन अधिक महत्वपूर्ण है?

   (c) बच्चों के अधिकारों के विषय में संवैधानिक प्रावधानों की विवेचना कीजिये।

4. निम्न के उत्तर दीजिए: (प्रत्येक लगभग 20 शब्द) $5 \times 2 = 10$

   (a) सांसदों की स्थानीय क्षेत्र विकास योजना पर प्रकाश डालिये।

   (b) लोकसभा की नैतिक समिति क्या है?

   (c) ऐसा क्यों कहा जाता है कि राज्य विधिमण्डल पर केन्द्र को पूर्ण नकाराधिकार है?

   (d) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव क्या है?

   (e) संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का तरीका कब उपलब्ध नहीं होता?

## वर्ष 2002 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) ''त्रिशंकु संसद के मुद्दे का भारतीय सरकार के स्थायित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए तथा इंगित कीजिए कि सरकार की राष्ट्रपति शासन प्रणाली में परिवर्तन इस समस्या का किस सीमा तक हल होगी?

   (b) भारतीय संविधान में राष्ट्रपति, मंत्रीगण, विधायकों एवं न्यायपालिका के सदस्यों के लिए शपथ के अलग-अलग रूप क्यों दिए गए है? उनके महत्व की विवेचना कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) भारत के संविधान में उच्चतम न्यायलय का क्या स्थान है? यह संविधान के संरक्षक के यप में अपनी भूमिका कहां तक निभाता है?

   (b) भारत का संविधान कैसे संशोधित किया जाता है? क्या आप यह मानते हैं कि संशोधन की कार्यविधि संविधान को केन्द्र के हार्थो का खिलौना बना देती है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए: (लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$

   (a) राज्यों को बाध्यकारी न्यायालय में विचार के अयोग्य निदेशों सम्बन्धी संवैधानिक प्रावधानों का विवेचन कीजिए।

   (b) भारत में संसदीय चुनावों के लिए निर्वाचन-क्षेत्रों परिसीमन के तरीकों का वर्णन कीजिए।

   (c) लोक लेखा समिति की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

4. निम्न के उत्तर दीजिए (प्रत्येक लगभग 20 शब्द): $5 \times 2 = 10$

   (a) भारतीय संविधान में 84 वें संशोधन का क्या महत्व है?

   (b) संघीय सरकार संविधान के किस अनुच्छेद के तहत अन्तर-राज्यीय दल विवादों को सुलझानें की भूमिका निभाती है।

   (c) अस्थायी अध्यक्ष की क्या भूमिका होती है?

   (d) विधान मंडल के 'पंगु सत्र' का क्या तात्पर्य है?

(e) भारत में स्थीय प्रशासन की परिधि में 'सीमान्त क्षेत्रों' का क्या अर्थ है?

5. निम्नलिखित में से किस एक का उत्तर दीजिए: (लगभग 250 शब्द) 30

(a) भारतीय गणतंत्र के राष्ट्रपति के चुनाव के लिए निर्वाचकगण का संघटन क्या है? डाल गए वोटों के मूल्य की गणना किस प्रकार की जाती है?

## वर्ष 2003 प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

(a) मृत्युदण्ड और राष्ट्रपति की क्षमा के प्रश्न पर चर्चा कीजिए।

(b) किसी राज्य के राज्यपाल की वैवेकिक शक्तियों को स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए। (लगभग 250 शब्द) 30

(a) कार्यपालिका पर संसदीय नियंत्रण पर चर्चा कीजिए।

(b) भारत में संसदीय लोकतंत्र के सुचारू प्रकार्यण में आने वाली प्रमुख बाधाओं की पहचान कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए (लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$

(a) भारत के संविधान के चौवालीसवें संशोधन के महत्व को उजागर कीजिए।

(b) प्रमुख मूल कर्तव्यों की पहचान कीजिए।

(c) भारत के संसदीय तंत्र परिसंघीय ढांचे में द्वितीय सदन के रूप में, राज्य सभा की प्रासंगिकता का स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए। (प्रत्येक लगभग 20 शब्द): $5 \times 2 = 10$

(a) व्यवस्था का प्रश्न क्या होता है? उसको कब उठाया जा सकता है?

(b) विशेषाधिकार प्रस्ताव क्या होता है?

(c) मंत्रिपरिषद और मंत्रिमंडल के बीच अंतर का कथन कीजिए।

(d) भारत के उप-राष्ट्रपति का निर्वाचन किस प्रकार किया जाता है?

(e) 'अनश्चित काल के लिए' स्थगन का क्या अर्थ है?

## वर्ष 2004 प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

(a) संविधान की उद्देशिका का क्या महत्त्व होता है? भारत के संविधान की उद्देशिका में प्रतिष्ठापित भारतीय राज्य-व्यवस्था के दर्शन को सुस्पष्ट कीजिये।

(b) ''सांविधानिक मशीनरी का ठप्प हो जाना'' के अर्थ पर चर्चा कीजिए। इसके प्रभाव क्या होते हैं?

2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

(a) चर्चा कीजिए कि भारत का संविधान किस प्रकार समान अधिकार प्रदान करता है।

(b) भारत का संविधान लोक सेवा आयोगों की स्वतंत्रता को बनाए रखने का किस प्रकार प्रयास करता है?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए: (लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$

(a) धन विधेयक की परिभाषा दीजिए। चर्चा कीजिए कि यह संसद में किस प्रकार पारित किया जाता है?

(b) वित्त आयोग क्याा होता है? राज्य वित्त आयोग के मुख्य प्रकार्यों पर चर्चा कीजिए।

(c) चर्चा कीजिए कि राज्य सरकारें पंचायतों पर किस प्रकार नियंत्रण रख सकती हैं।

4. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक लगभग 20 शब्द): $5 \times 2 = 10$

(a) बंदी प्रत्यक्षीकरण क्या होता है?

(b) राज्य सरकरों की उधार लेने की शक्ति पर कौन से सांविधानिक निर्बधन आरोपित किए गए हैं?

(c) अनुच्छेद 350 क के अधीन भाषाई अल्पसंख्कों को कौन-सी विशेष सुविधाा प्रदान की गई है?

(d) उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को किस प्रकार हटाया जा सकता है?

(e) भारत का निर्वाचन आयोग किस प्रकार गठित किया जाता है?

## वर्ष 2005 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए?
(लगभग 250 शब्द) 30
   (a) भारत में संघ और राज्यों के बीच वित्तीय संबंधों पर टिप्पणी कीजिए। 1991 के बाद के उदारीकरण ने उन संबंधों को किस प्रकार प्रभावित किया है?
   (b) क्या भारत में न्यायिक पुनरावलोकन और न्यायिक सक्रियता में विभेदन करना संभव है? क्या भारत की न्यायपालिका का हाल का व्यवहार न्यायिक सक्रियता का अधिक परिचायक है? उपयुक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इस पर तर्क कीजिए।
2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए?
(लगभग 250 शब्द) 30
   (a) क्या आप कहेंगे कि पिछले दस वर्षों में पंचायती प्रणाली के कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप भारत की राजनीति की पुनर्संरचना हुई है?
   (b) भारत के संविधान में प्रतिष्ठापित धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार पर अपने मत प्रस्तुत कीजिए। क्या वे भारत को धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाते हैं?
3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए:
(लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$
   (a) भारतीयों को समस्त देश में निर्बाध आवाजाही पर कौन-सी सांविधानिक परिसीमाएं हैं?
   (b) भारतीय राज्य ने पर्यावरण और विकास के बीच किस प्रकार पारस्परिक समझौता बैठाया है?
   (c) यदि कोई उद्दंड राज्य सरकार विधानसभा चुनावों को टाल देना चाहती हो तो निर्वाचन आयोग क्या कदम उठा सकता है?
4. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक लगभग 20 शब्द)
$5 \times 2 = 10$
   (a) 'दोहरे जोखिम' का क्या अर्थ होता है?
   (b) भारत के संविधान की पांचवीं अनुसूची में अनुसूचित जनजातियों को कौन-सी सुरक्षाएं प्रदान की गई हैं?
   (c) भारत के राष्ट्रपति किसी खास विधेयक पर उच्चतम न्यायालय के विचारों को किन तरीकों से प्राप्त कर सकते हैं?
   (d) भारतीय संविधान के अनुच्छेदों 14 और 226 के बीच कौन-सा साझा बिंदु है?
   (e) भारत की संसद किन व्यक्तियों एवं बातों से बनती हैं।

## वर्ष 2006 प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए?
(लगभग 250 शब्द) 30
   (a) जीवन और वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार क्या होता है? हाल के वर्षो में न्यायलयों ने इसके अर्थ का किस प्रकार विस्तार किया है?
   (b) किन कारणों से किसी सदस्य को संसद के दोनों सदनों में से किसी भी सदन से अनर्हीकृत किया जा सकता है?
2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए?
(लगभग 250 शब्द) 30
   (a) भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच 'रणनीतिक भागीदारी' क्या है? दोनों भागीदारों के लिए इसके निहितार्थ क्या है?
   (b) भारतीय लोकतंत्र की एक प्रमुख चुनौती के रूप में आर्थिक पिछड़ेपन पर चर्चा कीजिए। क्या लोकतंत्र और विकास निर्बाध रूप से साथ-साथ चल सकते है?
3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए?
(लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$
   (a) संविधान संशोधन विधेयक और साधारण विधायी विधेयक के पारित किए जाने के बीच आप किस प्रकार विभेदन करेंगे?
   (b) अंतर्राज्य परिषद् राज्यों के बीच किस प्रकार समन्वय स्थापित करती है?
   (c) क्या 'रिट' जारी करने की उच्च न्यायालय की शक्ति भारत के उच्चतम न्यायालय की शक्ति से अधिक विस्तृत हैं?
4. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक लगभग 20 शब्द)
$5 \times 2 = 10$
   (a) निम्नलिखित शब्दों को स्पष्ट कीजिए:
      (i) सदन का विघटन
      (ii) सदन का सत्रावसान
      (iii) सदन के कार्य का स्थगन

(b) भारत की संचित निधि से क्या तात्पर्य है?

(c) संसद द्वारा पहले से पारित किए जा चुके विधेयक पर राष्ट्रपति किस सीमा तक अपने को रोके रख सकते है?

(d) भारत की पूर्व की ओर देखो नीति क्या है?

(e) भारत में 'महिला सशक्तिकरण' का क्या अर्थ है?

## वर्ष 2007 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) संविधान क्या होता है? भारत के संविधान के मुख्य स्रोत क्या हैं?

   (b) मूल अधिकार और राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के बीच अंतरों पर प्रकाश डालिए। राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के कार्यान्वयन के लिए संघ और राज्य सरकारों द्वारा किए गए उपायों में से कुछ पर चर्चा कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) प्रादेशिकता किसको कहते हैं? प्रादेशिकता ने भारत की राजनीति को किस तरह से प्रभावित किया है?

   (b) भारत में मतदान आचरण के प्रमुख निर्धारक क्या हैं?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए? (लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$

   (a) वे अपवाद कौन-से हैं, जिसमें भारत का राष्ट्रपति, मंत्रिपरिषद् की सहायता और सलाह से आबद्ध नहीं होता है?

   (b) प्रो टेम अध्यक्ष किसको कहते हैं?

   (c) किन परिस्थितियों में संसद राज्य विषयों पर विधि -निर्माण कर सकती है।

4. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक लगभग 250 शब्द) $5 \times 2 = 10$

   (a) राजनीति का अपराधीकरण किसको कहते हैं?

   (b) भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन की रीति क्या है?

   (c) निर्णायक मत का क्या मतलब है?

   (d) मंत्रिपरिषद् और मंत्रिमंडल के बीच क्या अंतर है?

   (e) सांविधानिक उपचारों के अधिकार का क्या महत्व है?

## वर्ष 2008 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) 'न्यायिक सक्रियता' का क्या अर्थ है? भारत की राजनीति के प्रचालन के संन्दर्भ में उसकी भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

   (b) भारत में परिसंघीय राज्य-व्यवस्था पर प्रभाव डालने वाले प्रमुख संविधानेत्तर कारकों पर चर्चा कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए? (लगभग 150 शब्द) 30

   (a) 42वें संशोधन के बाद संविधान में शामिल मूल कर्त्तव्यों को गिनाइए।

   (b) अपेक्षाकृत अधिक राज्य-स्वायत्तता की मांग का और भारत की राज्य व्यवस्था के निर्बाध प्रचालन पर लड़ने वाले उसके प्रभाव का परीक्षण कीजिए।

   (c) संघ लोक सेवा आयोग की संरचना और प्रकार्यों पर चर्चा कीजिए।

3. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए (प्रत्येक लगभग 250 शब्द) $5 \times 2 = 10$

   (a) परिनिन्दा प्रस्ताव क्या होता है?

   (b) भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा एवं लेखाकरण प्रकायों के बीच विभेदन कीजिए।

   (c) संसद में पूछे जाने वाले तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के बीच विभेदन कीजिए।

   (d) संसद का अवमान क्या होता है?

   (e) राज्यपाल की नियुक्ति करने न कि उनको चुनने के पीछे दो प्रमुख विचार क्या थे?

4. निम्नलिखित में से किसी एक का उत्तर दीजिए? (लगभग 250 शब्द) 30

   (a) आपके विचार में आतंकवाद के क्या कारण हैं? भारत में आतंकवाद के खतरे से निपटने के लिए उपयुक्त उपाया सुझाइए।

   (b) क्या आप सोचते हैं कि भारत के संविधान के पुनर्विलोकन की आवश्यकता है? अपने विचार के समर्थन में तर्क पेश कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए (लगभग 150 शब्द) $2 \times 15 = 30$
   (a) भारत की राजनीति में जाति की भूमिका का परीक्षण कीजिए।
   (b) भारत में राष्ट्रीय एकता प्राप्त करने की समस्याओं पर चर्चा कीजिए।
   (c) भारत की राजनीति में प्रादेशिक राजनीतिक पार्टियों के प्रभाव का परीक्षण कीजिए।

## वर्ष 2009 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का उत्तर दें (प्रत्येक का 150 शब्दों में) $15 \times 2 = 30$
   (a) घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 को विशेषताओं एवं प्रभावों के बारे में आपके क्या विचार हैं?
   (b) क्या भारत में मतदान व्यवहार के पारम्परिक निर्धारक बदल रहे हैं? पिछले आम चुनाव के संदर्भ में इसकी जाँच करें।
   (c) भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार की एक गंभीर विकासात्मक चुनौती के रूप में जाँच करें।
2. निम्नलिखित का उत्तर दें (लगभग 150 शब्दों में) 15
   (a) देश में शासन के बदलते संदर्भ में संघ लोक सेवा आयोग की भूमिका क्या होनी चाहिए?
3. निम्नलिखित का उत्तर दें (लगभग 150 शब्दों में) 15
   (a) "चूँकि हम एक बहुलतावादी समाज में रहते हैं, हमें अपना विचार व्यक्त सबसे अधिक आजादी चाहिए, अगर दूसरों को यह अप्रिय लगे तब भी"– क्या आप सहमत हैं? हाल में भारतीय संदर्भों के आधार पर चर्चा करें।
4. निम्नलिखित पर लिखें (प्रत्येक लगभग 20 शब्दों में) 2×3
   (a) देश की राजनीति में 26 नवम्बर का महत्व
   (b) पॉकेट वीटो
   (c) पेसा 1996

## वर्ष 2010 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित का उत्तर दें (लगभग 150 शब्दों में) 20
   (a) "स्वाधीनोत्तर भारत में नदी तटीय राज्यों के बीच नदियों के जल की हिस्सेदारी संबंधी विवाद दिनोंदिन और जटिल होते जा रहे हैं।" इस संबंध में बड़े विवादों का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करें दक्षिणी राज्यों के विशेष संदर्भ में।
2. निम्नलिखित का उत्तर दें (लगभग 150 शब्दों में): 12
   (a) सहकारी समितियों के संबंध में 106 वें तथा 111 वें संविधान संशोधन विधेयकों की आज की स्थिति में प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?
3. निम्नलिखित का उत्तर दें (लगभग 150 शब्दों में): 12
   (a) दोनों सदनों में से किसी सदन से किसी सदस्य को अयोग्य ठहराये जाने का क्या आधार है? अपने उत्तर में प्रासंगिक प्रावधानों के उद्धरण दीजिए।
4. निम्नलिखित पर संक्षिप्त किन्तु सारभूत टिप्पणी लिखें। आपका उत्तर 50 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए। 5
   (a) राज्य सभा को संविधान के अनुच्छेद 249 तथा 312 के अंतर्गत प्रदत्त विधायी शक्तियाँ
5. निम्नलिखित का उत्तर दें (लगभग 150 शब्दों में)– 12
   (a) लोकसभा के अध्यक्ष पद से संबंधित शक्तियाँ एवं दायित्व
6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त किन्तु सारभूत टिप्पणी लिखें। आपका उत्तर 50 शब्दों से कम का होगा। 5
   (a) किसी साधारण विधेयक के पारित होने में किसी राज्य की विधानसभा तथा विधान परिषद के बीच मतभेद को कैसे सुलझाया जाता है?

## वर्ष 2011 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित का उत्तर दें (प्रत्येक का लगभग 250 शब्दों में): $20 \times 2 = 60$
   (a) "संविधान के भाग IV-A में जो कुछ है वह अनिवार्य रूप से भारतीय जीवन शैली से अभिन्न रूप से जुड़े कार्यों का संहिताकरण है।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
   (b) "कार्यपालक क्षमाशीलता का प्रयोग कोई विशेषाधिकार नहीं बल्कि यह कुछ सिद्धान्तों पर आधारित है और इसके लिए स्व-विवेक का प्रयोग सार्वजनिक आधार पर किया जाना चाहिए।"

   इस कथन की विवेचना भारत के राष्ट्रपति के न्यायिक शक्तियों के संदर्भ में करें।
   (c) पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट. 1994 की प्रमुख विशेषताओं तथा 2003 में इसके संशोधन के प्रभावों के बारे में उल्लेख करें।
2. निम्नलिखित पर टिप्पणी करें (लगभग 150 शब्दों में): $12 \times 3 = 36$

(a) दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना (DDRS)
(b) उच्च न्यायपालिका में ''हरित पीठ'' (Green Benches)
(c) ''विभाग संबंधी संसदीय स्थायी समिति तथा संसदीय फोरम के बीच अंतर''

3. निम्नलिखित पर टिप्पणी करें, 50 से अधिक शब्दों में नहीं– $5 \times 2 = 10$
(a) राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकार की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की संरचना एवं कार्य
(b) बिहार विशेष न्यायालय अधिनियम, 2009 हाल में चर्चा में क्यों रहा?

4. निम्नलिखित पर टिप्पणी करें 50 से अधिक शब्दों में नहीं 5
(a) संघ लोक सेवा आयोग की ई-गवर्नेंस पहल

## वर्ष 2012 का प्रश्न-पत्र

1. निम्नलिखित का उत्तर दें (प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में): $15 \times 2 = 30$
(a) केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 का नाम बदलने सम्बन्धी एक प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। प्रस्तावित संशोधनों की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?
(b) लोकसभा में दिसम्बर 2011 में प्रस्तुत उपभोक्ता संरक्षण (अधिनियम) विधेयक, 2011 की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

2. निम्नलिखित का उत्तर दें (प्रत्येक का लगभग 50 शब्दों में):
(a) 'पारिवारिक महिला 'लोक अदालत' क्या है?
(b) भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की परिधि में कौन-कौन से अधिकार आते हैं?
(c) सूचना अधिकार अधिनियम की प्रस्तावना के महत्व पर टिप्पणी करें।

3. निम्नलिखित पर टिप्पणी करें (लगभग 20 शब्दों में): 2
(a) भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में राज्य विधानसभा के एक सदस्य तथा संसद सदस्य के मत के 'मूल्य' का निर्धारण

## वर्ष 2013 का प्रश्न-पत्र

1. कुछ वर्षो से सांसदों की व्यक्तिगत भूमिका में कमी आई है जिसके फलस्वरूप नीतिगत मामलों में स्वस्थ रचनात्मक बहस प्राय: देखने को नहीं मिलती। दल परिवर्तन-विरोधी कानून, जो भिन्न उद्देश्य से बनाया गया था, को कहां तक इसके लिए उत्तरदायी माना जा सकता है? (200 शब्द) 10

2. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66A की इससे कथित संविधान के अनुच्छेद 19 के उल्लंघन के संदर्भ में विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

3. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हाल के निदेशों को 'नागाओं' द्वारा उनके राज्य को मिली विशिष्ट स्थिति को रद्द करने के खतरे के रूप में देखा गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 371A के आलोक में इसकी विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

4. 'संविधान में संशोधन करने के संसद के स्वैच्छिक अधिकार पर भारत का उच्चतम न्यायालय नियंत्रण रखता है।' समालोचनात्मक विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

5. अनेक राज्य सरकारें बेहतर प्रशासन के लिए भौगोलिक प्रशासनिक इकाइयों जैसे जनपद व तालुकों को विभाजित कर देती हैं। उक्त के आलोक में, क्या यह भी औचित्यपूर्ण कहा जा सकता है कि अधिक संख्या में छोटे राज्य, राज्य स्तर पर प्रभावी शासन देंगे? विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

6. अन्तर-राज्य जल विवादों का समाधान करने में सांविधानिक प्रक्रियाएं समस्याओं को सम्बोधित करने व हल करने में असफल रही हैं। क्या यह असफलता संरचनात्मक अथवा प्रक्रियात्मक अपर्याप्तता अथवा दोनों के कारण हुई है? विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

7. तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं की विवेचना कीजिए जो स्थानीय शासन की वित्त-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पिछले आयोगों से भिन्न है? (200 शब्द) 10

8. वित्तीय संस्थाओं व बीमा कम्पनियों द्वारा की गई उत्पाद विविधता के फलस्वरूप उत्पादों व सेवाओं में उत्पन्न परस्पर व्यापन ने सेबी (SEBI) व इर्डा (IRDA) नामक दोनों नियामक अभिकरणों के विलय के प्रकरण को प्रबल बनाया है। औचित्य सिद्ध कीजिए। (200 शब्द) 10

9. मध्यान्ह भोजन योजना की संकल्पा भारत में लगभग एक शताब्दी पुरानी है जिसका आरम्भ स्वतंत्रता-पूर्व भारत के मद्रास महाप्रान्त (प्रेसीडेंसी) में किया गया था। पिछले दो दशकों से अधिकांश राज्यों में इस योजना को पुन: प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके दोहरे उद्देश्यों, नवीनतम आदेशों और सफलता का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। (200 शब्द) 10

10. 'प्रभावक समूह राजनीति को कभी-कभी राजनीति का 'अनौपचारिक मुखपृष्ठ माना जाता है।' उपर्युक्त के संबंध

में, भारत में प्रभावक समूहों की संरचना व कार्यप्रणाली का आकलन कीजिए। (200 शब्द) 10

11. स्वयं सहायता समूहों की वैधता एवं जवाबदेही और उनके संरक्षक, सूक्ष्म-वित्त पोषक इकाइयों का, इस अवधारणा की सतत सफलता के लिए योजनाबद्ध आकलन व संवीक्षण आवश्यक है। विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

12. केन्द्र सरकार प्राय: राज्य सरकारों के समाज के अतिसंवदेनशील वर्गो के कष्ट निवारण में खराब प्रदर्शन की शिकायत करती है। जनसंख्या के अतिसंवेदनशील वर्गो के सुधार हेतु सभी क्षेत्रों में केन्द्रीय प्रवर्तित योजनाओं की पुनर्रचना का उद्देश्य राज्यों को उनके बेहतर कार्यान्वयन में लचीलापन प्रदान करना है। समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। (200 शब्द) 10

13. भ्रष्टाचार को नगण्य करने, अपव्यय को समाप्त करने और सुधारों को सुगम बनाने हेतु कल्याणकारी योजनाओं में इलेक्ट्रॉनीय नकद हस्तातंरण प्रणाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। टिप्पणी कीजिए। (200 शब्द) 10

14. ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं का प्रावधान (पुरा) का आधार संयोजकता (मेल) स्थापित करने में निहित हैं। टिप्पणी कीजिए। (200 शब्द) 10

15. उन सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों को पहचानिए जो स्वास्थ्य से संबंधित हैं इन्हें पूरा करने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई की सफलता की विवचना कीजिए। (200 शब्द) 10

16. यद्यपि अनेक लोक सेवा प्रदान करने वाले संगठनों ने नागरिकों के घोषणा-पत्र (चार्टर) बनाए हैं, पर दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता और नागरिकों के संतुष्ठि स्तर में अनुकूल सुधार नहीं हुआ है। विश्लेषण कीजिए। (200 शब्द) 10

17. 'राष्ट्रीय लोकपाल कितना भी प्रबल क्यों न हो, सार्वजनिक मामलों में अनैतिकता की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता।' विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

18. गुजराल सिद्धान्त से क्या अभिप्राय है? क्या आज इसकी कोई प्रासंगिकता है? विवेचना कीजिए। (200 शब्द) 10

## वर्ष 2014 का प्रश्न-पत्र

*प्रश्नों के उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। शब्द-विस्तार की अपेक्षा प्रश्नोत्तर की अन्तर्वस्तु अधिक महत्वपूर्ण है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. 'आधारिक संरचना' के सिद्धांत से प्रारंभ करते हुए, न्यायपालिका ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत एक उन्नतिशील लोकतंत्र के रूप में विकसित करे, एक उच्चत: अग्रलक्षी (प्रोऐक्टिव) भूमिका निभाई है। इस कथन के प्रकाश में लोकतंत्र के आदर्शो की प्राप्ति के लिए, हाल के समय में 'न्यायिक सक्रियतावाद' द्वारा निभाई भूमिका का मूल्यांकन कीजिये। 12½

2. यद्यपि परिसंघीय सिद्धांत हमारे संविधान में प्रबल है और वह सिद्धांत संविधान के आधारिक अभिलक्षणों में से एक है, परंतु यह भी इतना ही सत्य है कि भारतीय संविधान के अधीन परिसंघवाद (फैडरलिज्म) सशक्त केन्द्र के पक्ष में झुका हुआ है। यह एक ऐसा लक्ष्य है जो प्रबल परिसंघवाद की संकल्पना के विरोध में है। चर्चा कीजिये। 12½

3. संसद और उसके सदस्यों की शक्तियां, विशेषकर और उन्मुक्तियां (इन्यूनिटीज), जैसे कि वे संविधान की धारा 105 में परिकल्पित है, अनेकों असंहिताबद्ध (अन-कोडिफाइड) और अ-परिगणित विशेषाधिकारों के जारी रहने का स्थान खाली छोड देती है। संसदीय विशेषाधिकारों के विधिक संहिताकरण की अनुपस्थिति के कारणों का आकलन कीजिये। इस समस्या का क्या समाधान निकाला जा सकता है? 12½

4. आप 'वाक् और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य' संकल्पना से क्या समझते है? क्या इसकी परिधि में घृणा वाक् भी आता है? भारत में फिल्में अभिव्यक्ति के अन्य रूपों से तनिक भिन्न स्तर पर क्यों है? चर्चा कीजिये। 12½

5. मृत्यु दंडादेशों के लघुकरण में राष्ट्रपति के विलंब के उदाहरण न्याय प्रत्याख्यान (डिनायल) के रूप में लोक वाद-विवाद के अधीन आए हैं। क्या राष्ट्रपति द्वारा ऐसी यांचिकाओं को स्वीकार करने/अस्वीकार करने के लिए एक समय सीमा का विशेष रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए? विश्लेषण कीजिये। 12½

6. मंत्रिमंडल का आकार उतना होना चाहिए कि जितना सरकारी कार्य सही ठहराता हो और उसको उतना बड़ा होना चाहिए कि जितने को प्रधानमंत्री एक टीम के रूप में संचालन कर सकता हो। उसके बाद सरकार की दक्षता किस सीमा तक मंत्रिमंडल के आकार से प्रतिलोमत: सबंधित है? चर्चा कीजिये। 12½

7. किरायों का विनियमन करने के लिए रेल प्रशुल्क प्राधिकरण की स्थापना आमदनी-बंधे (कैश स्ट्रैप्ड) भारतीय रेलवे को गैर-लाभकारी मार्गो और सेवाओं को चलाने के दायित्व के लिए सहायिकी (सब्सिडी) मांगने पर मजबूर कर देगी। विद्युत क्षेत्रक के अनुभव को सामने रखते हुए, चर्चा कीजिये कि क्या प्रस्तावित सुधार से उपभोक्ताओं, भारतीय रेलवे या कि निजी कंटेनर प्रचालकों को लाभ होने की आशा है। 12½

8. भारत में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एन.एच.आर.सी.) सर्वाधिक प्रभावी तभी हो सकता है, जब इसके कार्यो को सरकार की जवाबदेही को सुनिश्चित करने वाले अन्य यांत्रिकत्वों (मकैनिज्म) का पर्याप्त समर्थन प्राप्त हो। उपरोक्त टिप्पणी के प्रकाश में, मानव अधिकार मानकों की प्रोन्नति करने और उनकी रक्षा करने में, न्यायपालिका और अन्य संस्थाओं के प्रभावी पूरक के तौर पर एन.एच.आर.सी. की भूमिका का आकलन कीजिये। 12½

9. ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों में भागीदारी की प्रोन्नति करने में स्वावलंबन समूहों (एस.एच.जी.) के प्रवेश को सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षण कीजिये। 12½

10. क्या कमजोर और पिछड़े समुदायों के लिए आवश्यक सामाजिक संसाधनों को सुरक्षित करने के द्वारा, उनकी उन्नति के लिए सरकारी योजनाएं, शहरी अर्थव्यवस्थाओं में व्यवसायों की स्थापना करने में उनको बहिष्कृत कर देती है? 12½

11. क्या संवर्ग आधारित सिविल सेवा संगठन भारत में धीमें परिवर्तन का कारण रहा है? समालोचनापूर्वक परीक्षण कीजिये। 12½

12. सरकार की दो समांतर चलाई जा रही योजनओं, यथा 'आधार कार्ड' और 'राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर' (एन.पी.आर.) एक स्वैच्छिक और दूसरी अनिवार्य, ने राष्ट्रीय स्तरों पर वाद-विवादों और मुकदमों को जन्म दिया है। गुणों-अवगुणों के आधार पर चर्चा कीजिए कि क्या दोनों योजनाओं को साथ-साथ चलाना आवश्यक है यह नही है। इन योजनाओं की विकासात्मक लाभों और न्यायोचित संवृद्धि को प्राप्त करने की संभाव्यता का विश्लेषण कीजिये। 12½

## वर्ष 2015 का प्रश्न-पत्र

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए, प्रत्येक 200 शब्दों से ज्यादा न हों। उत्तर की विषयवस्तु शब्द सीमा से अधिक महत्वपूर्ण है।

1. चर्चा कीजिए कि वे कौन-से संभावित कारक है जो भारत को राज्य की नीति के निदेशक तत्व से प्रदत्त के अनुसार अपने नागरिकों के लिए समान सिविल संहिता को अभिनियमित करने से रोकते हैं। 12½

2. हाल के वर्षो में सहकारी परिसंघवाद की संकल्पना पर अधिकाधिक बल दिया जाता रहा है। विद्यमान संरचना में असुविधाओं और सहकारी परिसंघवाद किस सीमा तक इन असुविधाओं का हल निकाल लेगा, इस पर प्रकाश डालिए। 12½

3. सुशिक्षित और व्यवस्थित स्थानीय स्तर शासन-व्यवस्था की अनुपस्थिति में 'पंचायतें' और 'समितियाँ' मुख्यत: राजनीतिक संस्थाएँ बनी रही है न कि शासन के प्रभावी उपकरण। समालोचनापूर्वक चर्चा कीजिए। 12½

4. खाप पंचायतें संविधानेतर प्राधिकारों के तौर पर प्रकार्य करने, अक्सर मानवाधिकार उल्लंघनों की कोटि में आने वाले निर्णयों को देने के कारण खबरों में बनी रही है। इस संबंध में स्थिति को ठीक करने के लिए विधानमंडल, कार्यपालिका और न्यायपालिका द्वारा की गई कार्रवाइयों पर समालोचनात्मक चर्चा कीजिए। 12½

5. अध्यादेशों का आश्रय लेने ने हमेशा ही शक्तियों के पृथक्करण सिद्धांत की भावना के उल्लंघन पर चिंता जागृत की है। अध्यादेशों को लागू करने की शक्ति के तर्काधार को नोट करते हुए विश्लेषण कीजिए कि क्या इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों ने इस शक्ति का आश्रय लेने को और सुगम बना दिया है। क्या अध्यादेशों को लागू करने की शक्ति का निरसन कर दिया जाना चाहिए? 12½

6. राष्ट्रपति द्वारा हाल में प्रख्यापित अध्यादेश के द्वारा माध्यास्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 में क्या प्रमुख परिवर्तन किए

गए हैं? यह भारत के विवाद समाधान यांत्रिकत्व को किस सीमा तक सुधारेगा? चर्चा कीजिए। 12½

7. क्या स्वच्छ पर्यावरण के अधिकार में दीवाली के दौरान पटाखे जलाने के विधिक विनियम भी शामिल है? इस पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के, और इस संबंध में शीर्ष न्यायालय के निर्णय/निर्णयों के, प्रकाश में चर्चा कीजिए। 12½

8. विदेशी अभिदाय (विनियमन) अधिनियम (एफ.सी.आर.ए.), 1976 के अधीन गैर-सरकारी संगठनों के विदेशी वित्तीयन के नियंत्रक नियमों में हाल के परिवर्तनों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 12½

9. आत्मनिर्भर समूह (एस.एच.जी.) बैंक अनुबंधन कार्यक्रम (एस.बी.एल.पी.), जो कि भारत का स्वयं का नवाचार है, निर्धनता न्यूनीकरण और महिला सशक्तीकरण कार्यक्रमों में एक सर्वाधिक प्रभावी कार्यक्रम साबित हुआ है। अविस्तार स्पष्ट कीजिए। 12½

10. पर्यावरण की सुरक्षा से संबंधित विकास कार्यो के लिए भारत में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका को किस प्रकार मजबूत बनाया जा सकता है। मुख्य बाध्यताओं पर प्रकाश डालते हुए चर्चा कीजिए। 12½

11. सार्विक स्वास्थ्य संरक्षण प्रदान करने में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की अपनी परिसीमाएँ है। क्या आपके विचार में खाई को पाटने में निजी क्षेत्रक सहायक हो सकता है? आप अन्य कौन-से व्यवहार्य विकल्प सुझाएँगे? 12½

12. यद्यपि भारत में निर्धनता के अनेक विभिन्न प्राक्कलन किए गए हैं, तथापि सभी समय गुजरने के साथ निर्धनता स्तरों में कमी आने का संकेत देते हैं। क्या आप सहमत हैं? शहरी और ग्रामीण निर्धनता संकेतकों का उल्लेख के साथ समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 12½

13. सत्यम् कलंकपूर्ण कार्य (2009) के प्रकाश में कॉर्पोरेट शासन में पारदर्शिता, जवाबदेही को सुनिश्चित करने के लिए लाए गए परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए। 12½

14. ''यदि संसद में पटल पर रखे गए व्हिसलब्लोअर्स अधिनियम, 2011 के संशोधन बिल को पारित कर दिया जाता है, तो हो सकता है कि सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई बचे ही नहीं।'' समालोचनापूर्वक मूल्यांकन कीजिए। 12½

15. ''वांछित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विनियामक संस्थाएँ स्वतंत्र और स्वायत्त बनी रहे।'' पिछले कुछ समय में हुए अनुभवों के प्रकाश में चर्चा कीजिए। 12½

परिशिष्ट

XVIII

# भारतीय राजव्यवस्था संबंधी अभ्यास प्रश्न ( सामान्य अध्ययन–मुख्य परीक्षा )

# [Practice Questions on Indian Polity (General Studies–Mains)]

## I. दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न

***निर्देश:*** निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 30 अंक हैं।

1. संसद, संघीय कार्यपालिका पर किस प्रकार नियंत्रण रखती है? इसे किस प्रकार और ज्यादा प्रभावी बनाया जा सकता है?
2. भारतीय नागरिकता प्राप्त करने एवं छोड़ने के तरीकों की व्याख्या कीजिये।
3. भारतीय संविधान में वर्णित धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का वर्णन कीजिये?
4. भारत के राष्ट्रपति की स्थिति का आकलन कीजिये।
5. भारत में दलीय व्यवस्था की विशेषताओं का वर्णन कीजिये।
6. भारतीय संविधान में संशोधन प्रक्रिया का वर्णन कीजिये। इसकी आलोचना क्यों की जाती है?
7. राज्य नीति के निदेशक तत्वों का क्रियान्वयन किस सीमा तक किया गया है? इसका आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये। इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आप किस प्रकार के तरीकों का सुझाव देंगे।
8. भारतीय विदेश नीति के सिद्धांतों का वर्णन कीजिये।
9. भारतीय राष्ट्रपति की आपातकालीन शक्तियों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।
10. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में लोकसभा एवं राज्यसभा की संबद्ध भूमिका का वर्णन कीजिये।
11. उच्चतम न्यायालय के कार्यक्षेत्र एवं उसकी शक्तियों का वर्णन कीजिये।
12. 80वें एवं 88वें संविधान संशोधनों ने केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों को परिवर्तित कर दिया है। इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?
13. ''भारतीय संविधान रचना में संघात्मक है लेकिन इसकी आत्मा एकात्मक।'' चर्चा कीजिये।
14. भारत में राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित किये जाने की आवश्यकता क्यों है? इस संबंध में आप किस प्रकार के प्रयास किये जाने पर बल देंगे?
15. भारत में महिलाओं एवं बच्चों के संरक्षण विकास के लिये विभिन्न प्रकार के संवैधानिक उपबंधों का वर्णन कीजिये।
16. मूल अधिकारों में संशोधन से संबंधित विवाद क्या हैं? 'संविधान का मूल ढांचा' किसे कहते हैं?

17. जम्मू-कश्मीर की संवैधानिक स्थिति तथा भारतीय संघ से इसके संबंधों की चर्चा कीजिये।
18. 42वें एवं 44वें संविधान संशोधन अधिनियम से संविधान में कौन से परिवर्तन किये गये थे? चर्चा कीजिये।
19. संविधान के अंतर्गत दलबदल विरोधी उपबंध कौन से हैं? भारतीय संविधान की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने वाले आयोग की इस संबंध में कौन-सी सिफारिशें हैं?
20. साझा सरकार क्या है? भारत में केंद्रीय स्तर पर इसके किस प्रकार के अनुभव रहे हैं?

## II. लघु उत्तर वाले प्रश्न

***निर्देश:*** निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक हैं।

1. भारत में संविधान सभा के गठन का वर्णन कीजिये।
2. राज्यों के पुनर्गठन से संबंधित संवैधानिक उपबंध कौन से हैं?
3. उच्चतम न्यायालय की रिट जारी करने की शक्ति, उच्च न्यायालय से किस प्रकार भिन्न है?
4. नीति-निदेशक तत्व, मूल अधिकारों से किस प्रकार भिन्न हैं?
5. भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों की भूमिका का वर्णन कीजिये?
6. राज्य लोक सेवा आयोग के गठन एवं कार्यों का वर्णन कीजिये।
7. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में किस प्रकार के आदर्शों की चर्चा की गयी है?
8. भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में न्यायिक समीक्षा की प्रक्रिया की चर्चा कीजिये।
9. 'भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है'। व्याख्या कीजिये।
10. संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत वर्णित 6 स्वतंत्रताओं का वर्णन कीजिये।
11. राष्ट्रपति शासन का क्या अभिप्राय है? चर्चा कीजिये।
12. राज्य के राज्यपाल की विवेकाधीन शक्तियों की चर्चा कीजिये।
13. राष्ट्रीय महिला आयोग के गठन एवं कार्यों का वर्णन कीजिये।
14. भारतीय संविधान की एकात्मक विशेषतायें कौन-सी हैं?
15. राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया का वर्णन कीजिये।
16. भारत में उप-राष्ट्रपति के कौन से कार्य हैं? यह अमेरिकी उप-राष्ट्रपति से किस प्रकार भिन्न है?
17. राज्यसभा की विशेष शक्तियां कौन-सी हैं? इसकी उपयोगिता क्या है?
18. लोकसभा के अध्यक्ष की शक्तियों एवं कार्यों का वर्णन कीजिये।
19. 'कटौती प्रस्ताव' क्या है?
20. राज्य विधानसभा, राज्य विधान परिषद से किस प्रकार उच्च है?
21. वित्त आयोग का गठन किस प्रकार होता है? इसके कार्य क्या हैं?
22. 73वें संविधान संशोधन अधिनियम से लागू हुयी नयी पंचायती राज व्यवस्था की विशेषताओं का वर्णन कीजिये।
23. लोक मत क्या है? इसके निर्माणात्मक अभिकरणों का वर्णन कीजिये।
24. 'मार्शल लॉ' का क्या तात्पर्य है? इस संबंध में कौन-से संवैधानिक उपबंध हैं?
25. वे कौन-सी दशायें हैं, जब संसद राज्य सूची के किसी विषय पर विधान बना सकती है?
26. 'संसद की संप्रभुता क्या है?' क्या भारतीय संसद एक सार्वभौम निकाय है?
27. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के संबंध में कौन-से संवैधानिक उपबंध हैं?
28. भारत के राष्ट्रपति की अध्यादेश बनाने की शक्तियों का वर्णन कीजिये।
29. भाषायी अल्पसंख्यक कौन हैं? इनके लिये कौन से संवैधानिक संरक्षण उपबंध हैं?
30. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के गठन एवं कार्यों की चर्चा कीजिये।

## III. अति लघु उत्तर वाले प्रश्न

***निर्देश:*** निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 20 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।

1. 'गुजराल सिद्धांत' क्या है?
2. 'राष्ट्रीय सरकार' की अवधारणा क्या है?
3. भारत के संविधान के अनुच्छेद 355 का क्या महत्व है?
4. लोक अदालत का उद्देश्य क्या है?
5. पुलिस हिरासत एवं न्यायिक हिरासत में क्या अंतर है?
6. 'पिथ एवं सब्सटेंस का सिद्धांत' क्या है?
7. क्यों राज्यसभा को स्थायी सदन के नाम से जाना जाता है?
8. 'गुटनिरपेक्षता' का क्या अर्थ है?
9. भारतीय संविधान नम्य है या अनम्य?
10. संपत्ति के अधिकार की वर्तमान स्थिति क्या है?
11. बयालीसवें संविधान संशोधन अधिनियम से जोड़े गये नीति-निदेशक तत्वों का वर्णन कीजिये?
12. भारत के राष्ट्रपति के चुनाव में कौन भाग नहीं लेता?
13. भारत का उप-राष्ट्रपति कैसे चुना जाता है?
14. संघीय स्तर पर मंत्रियों की विभिन्न श्रेणियां कौन-सी हैं?
15. 'कैबिनेट निरंकुशता' का क्या अर्थ है?
16. 42वें एवं 44वें संविधान संशोधन अधिनियम से केंद्रीय मंत्रिपरिषद् के साथ राष्ट्रपति के संबंधों में कौन से परिवर्तन किये गये थे?
17. 'गिलोटिन' का क्या अर्थ है?
18. सार्वजनिक विधेयक एवं निजी विधेयक में अंतर बताइये।
19. राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की कौन-सी योग्यतायें हैं?
20 'अवशिष्ट शक्तियों' का क्या अर्थ है?
21. कुटुंब न्यायालय का क्या उद्देश्य है?
22. भारत में होने वाले विभिन्न प्रकार के चुनावों की चर्चा कीजिये।
23. 'अखिल भारतीय सेवाओं' का क्या अभिप्राय है?
24. 'पंचशील' क्या है?
25. भारत के महान्यायवादी के क्या कार्य हैं?
26. 'औचित्य प्रश्न' का क्या अर्थ है?
27. क्षेत्रीय परिषदों के क्या कार्य हैं?
28. 'फर्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम' क्या है?
29. 'धन विधेयक' का क्या अर्थ है?
30. राष्ट्रीय विकास परिषद के गठन का वर्णन कीजिये।